नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक.................................                                                                                दिनांक : 19-11-2019

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में **वार्षिक महोत्सव** के तत्वावधान में **गोरखबानी प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने गोरखबानी की सबदियों का भावार्थ सहित वाचन किया। गोरखबानी शिवगोरक्ष योगेश्वर गोरखनाथ जी के सदुपदेश है जो उन्होने अपनी रहनी और कहनी अर्थात अनुभूति से अपने योगसिद्धी के अनुभवों को संस्कृत रचनाओं और लोकवाणी में अभिव्यक्त किया है। इस प्रतियोगिता में कुल 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता गौड़ बी.एड् प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान प्रकाश पाण्डेय, बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान अर्पिता त्रिपाठी बी.ए प्रथम वर्ष एवं चन्दन तिवारी बी. ए. द्वितीय वर्ष को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया और सांत्वना पुस्कार के लिए ज्योत्सना डेविड बी. ए. प्रथम वर्ष को चयनित किया गया। कार्यक्रम का का संचालन और संयोजन **सुश्री दीप्ति गुप्ता** ने किया। **श्री नवनीत कुमार सिंह**, **अनुभा श्रीवास्तव** तथा **श्रीमती विभा सिंह** ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में **वार्षिक महोत्सव** के तत्वावधान में **आशुभाषण प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में समसमायिक मुद्दो पर 30 प्रतिभागियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सत्य प्रकाश तिवारी बी. ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान सर्वेश्वर कांत चन्द्रा बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान प्रकाश पाण्डेय बी. ए. द्वितीय वर्ष को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन **डॉ. कृष्ण कुमार** ने किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, श्री सुबोध कुमार मिश्र एवं श्री संजय जायसवाल उपस्थित रहे।

**(डॉ. राहुल मिश्रा)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी